उत्तर प्रदेश सरकार ने हैदराबाद में 'फार्मा कॉन्क्लेव' का सफल आयोजन किया

- *उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने हैदराबाद कॉन्क्लेव में ऊतर प्रदेश में फार्मा क्षेत्र के अवसरों पर प्रकाश डाला*
- *नैटको फार्मा ने उत्तर प्रदेश के नोएडा क्षेत्र में प्रयोगशालाएँ स्थापित करने में व्यक्त की रुचि*

हैदराबाद/लखनऊ, 18 जनवरी, 2024:
बल्क ड्रग्स मन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया तथा इंडियन ड्रग मन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश चैप्टर की सहभागिता से उत्तर प्रदेश सरकार ने हैदराबाद में फार्मा कॉनक्लेव का सफल आयोजन किया। आयोजन का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को फार्मा, ड्रग तथा मेडिकल तकनीक सेक्टर के विश्वसनीय हब की तौर पर प्रदर्शित **करना था।**

कॉनक्लेव में 100 **से अधिक** प्रतिष्ठित **उद्योग**पतियों, **विशिष्ट वक्ताओं**, **सरकारी अधिकारियों**, **वैज्ञानिकों तथा उद्यमियों ने** सक्रिय प्रतिभाग किया। **डॉ. जी. एन. सिंह, सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश में उपलब्ध अवसरों पर विचार-विमर्श का मंच तैयार किया। उन्होंने 'प्रमोट फार्मा इनीशियेटिव', अनुसंधान एवं विनिर्माण केंद्र स्थापित करने तथा क्लीनिकल ट्रायल्स जैसी उत्तर प्रदेश सरकार की आगामी** फोकस **योजनाओं पर प्रकाश डाला।**

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा सचिव, औद्योगिक विकास-श्री अभिषेक प्रकाश ने प्रदेश को उत्तर प्रदेश द्वारा किए जा रहे प्रयासों की महत्ता बताई। साथी ही उन्होंने निवेशक अनुकूल औद्योगिक परिदृश्य, सुदृढ़ अवस्थापना सुविधाएं **तथा राज्य** की **औद्योगिक नीति**, **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** (**एफडीआई**) **नीति एवं फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग नीति-2023 जैसी प्रमुख** आकर्षक **नीतियों पर प्रकाश डाला।**

उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (**यूपीसीडा**) **के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मयूर महेश्वरी** ने **ललितपुर में बन रहे विशाल बल्क ड्रग पार्क तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) क्षेत्र में बन रहे मेड-टेक पार्क** में उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने फार्मा सेक्टर की प्रमुख कंपनियों को उत्तर प्रदेश में उपलब्ध **विशाल भूमि बैंक** के विषय में बताया।

श्री अवनीश कुमार अवस्थी, सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने राज्य सरकार के एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य से अवगत करवाया। उन्होंने तेलंगाना सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा फार्मा सेक्टर के उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में आवश्यक संसाधनों की सहज उपलब्धता के लिए भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में बोलते हुए, **भारत बायोटेक के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. कृष्णा एला ने बताया कि कैसे उत्तर प्रदेश**, **क्लिनिकल ट्रायल्स**, **विशेष केमिकल्स इत्यादि पर ध्यान केंद्रित करके एक महत्वपूर्ण फार्मा केंद्र के रूप में उभर सकता है, जबकि सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड के अध्यक्ष व मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. वेंकट जस्ती ने फार्मा उद्योग में चुनौतियों पर चर्चा की और बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया**, **जिसमें सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र और इन परियोजनाओं के निकट 'नो हैबिटेट जोन' बनाए रखना शामिल है। नैटको फार्मा के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री राजीव एन ने उत्तर प्रदेश के नोएडा क्षेत्र में प्रयोगशालाएँ स्थापित करने में रुचि व्यक्त की।**

उत्तर प्रदेश **सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण भूमिका और प्रभावी निवेश को आकर्षित करने के लिए उन्हें दक्षिण भारत में फार्मा क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने के महत्व को भी** माना।

कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले प्रमुख प्रतिभागियों में शामिल प्रमुख व्यक्तियों **के नाम इस प्रकार हैं - ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष-श्री आर के अग्रवाल, इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के तेलंगाना राज्य बोर्ड के अध्यक्ष-श्री जे राजामौली, उप औषधि नियंत्रक (भारत)-डॉ. ए रामकिशन**, **सीडीसीएसओ, डॉ. जे.ए.एस. गिरि-अध्यक्ष, संगफ्राइड इंडस्ट्रीज, डॉ पी पी लाल कृष्णा-प्रबंध निदेशक-रामकी फार्मा सिटी और वीबी कमल हसन रेड्डी-महानिदेशक, ड्रग्स कंट्रोल, तेलंगाना।**